**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 29.07.2025 समय : 1905

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में देर रात छः दशमलव पांच की तीव्रता से आया भूकंप।
- ऑपरेशन महादेव में पहलगाम हमले के तीनों आतंकी ढेर। केंद्रीय गृहमंत्री ने संसद में चर्चा के दौरान जानकारी दी।
- स्वच्छ भारत मिशन के ब्राड अम्बेसडर नरेश चन्द्र लाल ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय साउथ प्वाइट का दौरा किया।
- खेल एवं युवा मामलों का निदेशालय स्कूली छात्रों, लड़के और लड़कियों के लिए योग प्रशिक्षण कक्षाएं संचालित कर रहा है।

**<><><><><><><>**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार देर रात बारह बजकर बारह मिनट पर अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के निकोबार क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता छः दशमलव पांच रिक्टर स्केल पर मापी गई। यह भूकंप समुद्र के अंदर उत्पन्न हुआ और इसका प्रभाव सीमित रहा। अब तक किसी जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**<><><><><><><>**

संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कल ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सेना, सी.आर.पी.एफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। श्री शाह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारा गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प के साथ जवाबी कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूरा किया। श्री शाह ने भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने आतंकवादियों का सफाया किया। श्री शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सात मई को शुरू किया गया और रात एक बजकर चार मिनट से एक बजकर चौबीस मिनट के बीच इसे संचालित किया गया। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया और सौ से ज़्यादा आतंकवादी मारे गए। गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में भाग लेने के दौरान कहा –

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर आज देशभर में बाघ संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। नई दिल्ली में केन्द्रीय पर्यवरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बताया कि देश में टाइगर रिजर्व की संख्या बढ़कर अब अठावन हो गई है जो दो हजार चौदाह में सैंतालीस थी। उन्होंने बाघो के लिए सुरक्षित आवास सुनिश्चित करने हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई है कि स्कूल लाइन जंक्शन पर चाणक्य ट्यूशन सेंटर की मुख्य सड़क शून्य दो डायवर्जन ग्रेविटी पाइप लाइन बिछाने के लिए इकत्तीस जुलाई तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान सभी वाहनों को चाणक्य ट्यूशन सेंटर से रांची बस्ती की ओर मोड़ दिया जाएगा जिससे यातायात सही से संचालित हो सके।

<><><><><><><>

पहली बार गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। दो अगस्त को जी.एम.एस.एस.एस सभागार में सुबह साढ़े दस बजे छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड अम्बेसडर नरेश चन्द्र लाल ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय साउथ पॉइन्ट का दौरा किया और छात्रों तथा शिक्षकों से बातचीत की तथा उन्हें अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपनी–अपनी सोसाईटियों में भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा। इस अवसर पर श्री लाल ने छात्रों से खेलकूद में भाग लेने और स्वस्थ रहने का आग्रह किया। उन्होंने अपने शरीर और मन को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों से दूर रहने को कहा। श्री लाल ने छात्रों से अनुरोध किया कि वे अपने मोबाइल का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करें और द्वीपीय संस्कृति पर सुंदर लघु फिल्में बनाने में अपना ध्यान लगाएं। उन्होंने पुस्तकालय जाकर किताबें पढ़ने की आदत डालने का भी अनुरोध किया। प्रधानाध्यापिका रेचल टी. थॉमस भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामलों का निदेशालय स्कूली छात्रों, लड़के और लड़कियों के लिए योग प्रशिक्षण कक्षाएं संचालित कर रहा है। योग कक्षाएं नेताजी स्टेडियम खेल परिसर श्री विजयपुरम में रविवार और सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर सुबह पांच बजे से साढ़े छः बजे तक आयोजित की जा रही हैं। इच्छुक छात्र एवं छात्राएं सभी कार्य दिवस में नेताजी स्टेडियम पर पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर नौ पांच तीन एक आठ शून्य सात एक पांच सात से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज ने अपनी वेबसाइट andamanlawcollege.andaman.gov.in और collegeadmission.andaman.gov.in पर अपनी अनंतिम मेरिट सूची और श्रेणीवार उम्मीदवारों की मेरिट सूची जारी कर दी है। इसे छब्बीस जुलाई, दो हजार पच्चीस को कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है। जिन उम्मीदवारों को अपनी मेरिट सूची से संबंधित कोई आपत्ति व शिकायत है, वे alcadmissions2023@gmail.com पर ईमेल द्वारा अपनी आपत्ति व शिकायत भेज सकते हैं या दो अगस्त दो हजार पच्चीस, शाम पांच बजे तक कॉलेज कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। इस वर्ष प्रवेश के लिए एक हजार तीन सौ पिचासी उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जबकि वार्षिक प्रवेश पैंतालीस है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अंडमान कॉलेज में अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संशोधित परामर्श कार्यक्रम प्रशासनिक कारणों और अंतर–द्वीपीय अभ्यर्थियों के अनुरोध के कारण पुनर्निर्धारित किया गया है। काउंसलिंग की पुनर्निर्धारित तिथियां विभिन्न विषयों के लिए तेरह और चौदह निर्धारित की गई है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के अधीन कार्यरत ए.एन.एम प्रशिक्षण स्कूल द्वारा संचालित.दो वर्षीय ए. एन.एम पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग की तिथि इकत्तीस जुलाई को सुबह.दस बजे से शासकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, श्री विजयपुरम के सभागार में निर्धारित की गई है। काउंसलिंग में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए सभी संबंधित प्रमाणपत्रों दस्तावेज साथ लेकर आएं। काउंसलिंग सी.

सी.ए.पी पोर्टल collegeadmission-andaman.gov.in और ए.एन.एम प्रशिक्षण.स्कूल के नोटिस बोर्ड पर लगा दी गई है।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, श्री विजयपुरम् ने शैक्षणिक वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए आवश्यकता के आधार पर संस्थान के विभिन्न विषयों में अतिथि संकाय के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची अपलोड की है। सूची देखने के लिए कॉलेज की वेबसाइट jnrm.and.nic.in पर जाकर देख सकते हैं। दावे और आपत्ति के लिए resourcepersonsjnrm@gmail.com ऑफलाइन या जे.एन.आर.एम के प्राचार्य कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की आपत्ति एक अगस्त तक भेजी जा सकती हैं। अंतिम मेरिट सूची आठ अगस्त को प्रकाशित की जाएगी।

<><><><><><>

टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, श्री विजया पुरम में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए शिक्षा में विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची पच्चीस जुलाई की शाम को जारी कर दी गई है। यह सूची collegeadmission.andaman.gov.in पर उपलब्ध है। काउंसलिंग की तिथियां चार और पाँच अगस्त के लिए फिर से निर्धारित की गई हैं। बी.एस.सी.बी.एड. और बी.ए.बी.एड. के लिए टी.जी.सी.ई की काउंसलिंग तिथियाँ चार अगस्त को निर्धारित की गई है।

<><><><><><>

निकोबारी कर्मचारी कल्याण संघ (एन.ई.डब्ल्यू.ए) ने उन्नीस जुलाई को अपने ट्रस्ट के पंजीकरण की घोषणा की है। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष लुकास रॉबर्ट ने आकाशवाणी श्री विजयपुरम् को अवगत कराया है।

<><><><><><>